## सार-समाचार

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज कोटा का शपथ ग्रहण एवं दिवाली मिलन समारोह आज

**कोटा,** (निसं)। कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा कोटा का कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के भवन प्लॉट न.10 गोदावरी धाम योजना, दादाबाड़ी पर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण व दीपावली मिलन समारोह का आयोजन होने रहा है। अतिथि के रूप में संदीप शर्मा, विधायक कोटा दक्षिण, महेश मिश्रा महासचिव, अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा, मुकेश पारिक प्रदेश कार्यालय मंत्री, राजस्थान, भारतीय जनता पार्टी, डॉ.सुरेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक एवं समाजसेवी, राजेश चन्द्र द्विवेदी प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय परशुराम कल्याण परिषद, प्रमोद द्विवेदी प्रदेश महामंत्री, राष्ट्रीय परशुराम कल्याण परिषद, नीरज चौधरी प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, उत्तर प्रदेश माकांत दीक्षित राष्ट्रीय मंत्री, अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा शामिल होंगे। समारोह के दौरान समाज के सदस्य एक साथ आकर दीप प्रज्जवलन, पूजा अर्चना, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया जाएगा जिसमें वे समाज के विकास और उत्थान के लिए काम करने की शपथ लेगें। समाज के अध्यक्ष दीपक राज दुबे ने बताया कि यह समारोह समाज के सदस्यों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जिसमें वे एक साथ आकर नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण व दीपावली मिलन समारोह में भाग लेंगे।

### वैश्य समाज अन्नकूट महोत्सव व वैश्य महासंगम आज

**कोटा,** (निसं)। कोटा जिला वैश्य महासम्मेलन द्वारा वैश्य अन्नकूट महोत्सव व वैश्य महासंगम का भव्य आयोजन आज रविवार को सीएडी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। मुख्य संयोजक महेश गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे, अध्यक्षता कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल होंगे। अति-विशिष्ट अतिथि शिक्षा मंत्री मदद दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक कोटा दक्षिण संदीप शर्मा, लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी होंगी। जिलाध्यक्ष दिनेश विजय ने बताया कि इस अवसर पर समाज की प्रतिभाएं जिसने समाज को गौरान्वित किया है, उनका सम्मान किया जाएगा, जिसमें खेल, शिक्षा, चिकित्सा, प्रशासनिक, आईएएस, आरएएस, एआई में नवाचार करने वाले, खेती में नवाचार करने वाले सहित अन्य प्रतिभाएं शामिल है। इस अवसर पर विशेष रूप से एसआईआर को लेकर जिला प्रशासन का काउंटर होगा जो अहम जानकारियां देगा। जिला अध्यक्ष दिनेश विजय ने बताया कि शनिवार को नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेश बिरला द्वारा भोजन शाला का मां अन्नपूर्णा की पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही युवती, युवक व महिलाओं की अलग से बैठक का आयोजन किया गया जिसमें तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

### 'हर घर मदद' अभियान का शुभारंभ

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के जोहरीपुरा मदरसे में शनिवार को हर घर मदद अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान द इनोसेंट्स क्लब सोसाइटी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत लोगों के फॉर्म भरने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। सोसाइटी अध्यक्ष एडवोकेट हस्सान ख़ान के अनुसार शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निजामुद्दीन खान रहे। कैम्प प्रभारी शारीक ख़ान, सह-प्रभारी इसरार मंसूरी रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सैयद जावेद अली ने की। कैम्प में सोसाइटी सचिव शाकिर खान सहित रिज़वान ख़ान, रफीक मोहम्मद, शाहिद बंटी, शेख नजाकत, मोहम्मद इकराम, आसिफ कारपेंटर, पूर्व पार्षद आदिल सालारगाजी, फरदीन, मोहम्मद इकराम व शाकिर मियाँ (चाँवलखेड़ी) आदि सदस्यों ने सक्रिय रूप से सेवाएं दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को एसआईआर के प्रति जागरूक करना तथा अधिक से अधिक लोगों के फॉर्म भरवाने में सहायता प्रदान करना है। अभियान के अंतर्गत आगामी कैम्प रविवार 16 नवम्बर को अलीगंज में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कैम्प 21 नवम्बर तक विभिन्न स्थानों पर कैंप लगाकर सोसाइटी द्वारा नागरिकों को सेवाएं दीं जाएगी।

### कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल के साथ संवाद में राजस्थान से मुकेश विजय शामिल होंगे

**कोटा,** (निसं)। भारतवर्ष से आमंत्रित उद्यमी एवं व्यापार संवाद कार्यक्रम में कोटा निवासी मुकेश विजय राजस्थान का नेतृत्व करेंगे। वैश्य समाज व वीआईए से जुड़े मुकेश विजय ने बताया कि 18 नवंबर मंगलवार को भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग के कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल के मुख्य आतिथ्य में नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन,16 अकबर रोड़ पर भारतवर्ष के हर राज्य व केन्द्र शासित प्रदेश से उद्यमी व व्यापारी प्रतिनिधि शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व स्वागतकर्ता उत्तरप्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा उद्यमियों को व्यवसाय विकास के विभिन्न चरणों में, अवधारणा से लेकर विस्तार तक, सहायता प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता, प्रौद्योगिकी उन्नयन और कौशल विकास, तथा बाजार पहुँच सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिए सहयोग प्रदान करना हैं। भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री पीयूष गोयल द्वारा व्यापारियों को रात्रि भोज भी आयोजित किया गया हैं। मुकेश विजय सामाजिक व व्यापारिक स्तर पर दर्जनों देशों व राज्यों में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा ले चुके हैं।

### चंबल के पुराने स्वरूप को बनाए रखने के लिए जन जागरण रैली होगी

**कोटा,** (निसं)। चंबल के पुराने स्वरूप को बनाए रखने के लिए हम लोग संस्था के सदस्यों ने नयापुरा में हाड़ौती किसान युनियन के महामंत्री दशरथ कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से यह सहमति बनी की चंबल में गिरने वाले गंदे नालों को रोका जाए एवं चंबल के पुराने स्वरूप को बनाए रखने के लिए आगामी दिनों में केशवराय पाटन में एक जन जागरण रैली का आयोजन किया जाऐं। इस अवसर पर संस्था के संयोजक डॉ.सुधीर गुप्ता, किसान नेता कुन्दन चीता, हाडौती पर्यावरण संरक्षण समिति के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित, सामाजिक कार्यकर्ता अरुण भार्गव, किसान नेता सुरेश गुर्जर, पूर्व वार्ड पार्षद शीतल मीणा, पूर्व पार्षद सुनीलराज, रईस खान, पंचायत समिति सदस्य हेमंत झाला, पर्यावरणविद् भीम सिंह कुंतल, सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद चतुर्वेदी, ने अपने-अपने विचार प्रकट किये।

### साईबर सुरक्षा की जानकारी दी

**कोटा,** (निसं)। रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल की ओर से पॉलिटेक्निक कॉलेज में साईबर सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें स्टूडेंटों को जागरुक किया गया और उन्हें साईबर सुरक्षा की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं साईबर एक्सपर्ट तनवीन कोहली ने युवाओं को कहा कि वह जागरूक रहें, सुरक्षित रहें, स्मार्ट बनें, प्रौद्योगिकी, कौशल और ज्ञान के माध्यम स भविष्य को उज्जवल करें रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल ने बताया कि सेमिनार के माध्यम से बताया गया कि हमे किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिऐं, सोशल मीडिया का उपयोग बहुत ही सावधानी से करना चाहिए ताकी साईबर अपराध से बचा जा सकें। परियोजना निदेशक रोटरी क्लब कोटा सेंट्रल डॉ.संजय बावेजा, प्रिशा फतेहपुरिया, नव्या अरोड़ा और सर्वज्ञ चावला ने भी साईबर सुरक्षा पर बहुमूल्य विचार प्रस्तुत कर स्टूडेंटों को जागरुक किया। सचिव नवजोत भसीन ने आभार व्यक्त किया।

### चिकित्सा अधिकारियों व कार्मिकों ने शपथ ली

**छबड़ा** (निसं)। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को उपजिला चिकित्सालय में डॉ. हरिआम गोयल प्रमुख चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में यहां कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वदेशी संकल्प की शपथ दिलवाई व सामूहिक राष्ट्रीय गीत का गायन, स्वदेशी उत्पादों में कारीगरों, किसानों व उद्यमियों का समर्थन को बढ़ावा देने एवं विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता करने की शपथ दिलवाई गई। जिससे की अर्थव्यवस्था सशक्त व आत्मनिर्भर भारत बनने के लिए प्रेरित किया है। शपथ ग्रहण में चिकित्सा संस्थान के चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कोटा नगर निगम ने करोड़ों की जमीन से अतिक्रमण हटाये

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा के आयुक्त ओम प्रकाश मेहरा ने बताया कि नगर निगम कोटा द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ लगातार की जा रही कार्यवाही के क्रम में शनिवार को कैथून क्षेत्र में वृहद् स्तर पर अतिक्रमण हटाने कि कार्यवाही की गई।

जिसके अन्तर्गत कैथून क्षेत्र में खसरा संख्या 1387/2262, 1388/2263, 1389, 1390 की 04 बीघा बेशकीमती करोड़ों की जमीन

■ **04 बीघा बेशकीमती जमीन को करवाया अतिक्रमण मुक्त**




**कोटा में नगर निगम द्वारा करोड़ो रूपये की जमीन से अतिक्रमण हटाये गये हैं।**

जो कि महात्मा गांधी विद्यालय मुख्य रोड़ पर क्रमशः आरिफ मोहम्मद पुत्र सलीमुद्दीन, मकसूद अली पुत्र अब्दुल कादर, कमरूद्दीन पुत्र जमालुद्दीन, जुम्मा पुत्र छोटू के द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा किया हुआ था, जिसको कार्यपालक मजिस्ट्रेट भावना सिंह, उपायुक्त नगर निगम कोटा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तरूण कांत सोमानी के नेतृत्व में महावीर सिंह सिसोदिया राजस्व अधिकारी नगर निगम कोटा व ग्रामीण पुलिस उपाधीक्षक राजेश डाका मय पुलिस जाप्ता एवं कैथून थाना अधिकारी संदीप शर्मा की मय थाने के जाप्ते सहित मौजूदगी में नगर निगम कोटा अतिक्रमण टीम प्रभारी तोसिफ खान सहप्रभारी हनुमाना रामा एवं अतिक्रमण जाप्ता प्रभारी संजीव कुमार अतिक्रमण दस्ता प्रभारी नरेन्द्र शक्यवाल और मुकेश तंवर व हॉमगार्डस जवानों सहित अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उक्त बेशकीमती जमीन पर अतिक्रमियों द्वारा बहुत वर्षो से कब्जा किया हुआ था जिसमें अतिक्रमीयों द्वारा सांगोद रोड कैथून पर पक्के शोरूम व गोदाम बनाकर अतिक्रमण किया हुआ था साथ ही पत्थर के स्टाक, रेत, बजरी, सिमेंट, सेनेटरी व टाईल्स आदि की दुकानें लगाकर बहुत बड़े स्तर पर कब्जा कर अतिक्रमण किया हुआ था जिसको आयुक्त नगर निगम कोटा के निर्देशानुसार व नियामानुसार एवं उच्चतम न्यायालय/उच्च न्यायालय केन्द्र सरकार/राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों की पालना करते हुए अतिक्रमण की कार्यवाही कर अतिक्रमण मुक्त करवाया गया कार्यवाही के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नहीं हुई एवं शान्तिपूर्वक अतिक्रमण की कार्यवाही को किया गया। साथ ही अतिक्रमण टीम द्वारा अग्रसेन चौराहे से शहिद स्मारक तक व नाना देवी मंदिर से सत्येश्वर महादेव मंदिर जे.डी.बी कॉलेज तक मुख्य मार्ग से ठेले बोडियों व अस्थाई अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## हाड़ौती गौरव सम्मान कार्यक्रम का आगाज

**कोटा,** (निसं)। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी के तत्वावधान में 5 जनवरी को आयोजित होने वाले अष्टम हाड़ौती गौरव सम्मान कार्यक्रम का आगाज शनिवार को माहेश्वरी पब्लिक स्कूल श्रीनाथपुरम-ए कोटा में पोस्टर का विमोचन प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान रेडक्रॉस सोसाइटी, अध्यक्ष नागरिक सहकारी बैंक एवं अध्यक्ष माहेश्वरी समाज कोटा राजेश बिरला, एवं कोटा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ द्वारा किया गया। हाड़ौती गौरव सम्मान 2026 के कार्यक्रम समन्वयक प्रतीक गोयल एवं संयोजक के.के.शर्मा कमल ने बताया कि अष्टम हाड़ौती गौरव सम्मान-2026 कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन कार्यक्रम शनिवार को माहेश्वरी पब्लिक स्कूल श्रीनाथपुरम-ए कोटा में प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान रेडक्रॉस सोसाइटी, अध्यक्ष नागरिक सहकारी बैंक एवं अध्यक्ष माहेश्वरी समाज कोटा राजेश बिरला, एवं कोटा जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति के अध्यक्ष चैनसिंह राठौड़ के सानिध्य में संपन्न हुआ।

# ब्रेललिपि का काम करने के बहाने महिलाओं से ठगी

■ **थाने पर हंगामे के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया**

**कोटा,** (निसं)। शहर में हजारों महिलाओं से ब्रेललिपि का काम कराने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। ब्रेललिपि का काम देने के बहाने उनसे पैसे लिए गए थे। इसमें हजारों रुपए देने का झांसा दिया गया था।

इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही हैं। आरोपी फरार है। दूसरी तरफ पीड़ित महिलाओं ने शनिवार को हंगामा कर दिया। पहले वे अनंतपुरा थाने पर पहुंची और थाने के बाहर जाम लगाया। वहां के थानाधिकारी के छुट्टी पर होने के चलते आरकेपुरम थाना अधिकारी महेंद्र मारू ने पूरा घटनाक्रम संभाला। अनंतपुरा थाने के सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने बताया कि महिलाओं को एक कंपनी खोलकर झांसा दिया गया है। इस मामले में दीपक व अन्य व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उसके दस्तावेजों की जांच की जा रही है कि वह सही में दीपक है या कोई और व्यक्ति है। उसकी आईडी भी गलत हो सकती है। ऐसे में पूरे मामले में पड़ताल की जा रही है।

इस मामले में थाने पर पहुंची एक महिला ने बताया कि उन्हें दृष्टिबाधित दिव्यांगों के लिए पढ़ाई के कागज तैयार करने का कहकर झांसा दिया गया। इसमें ब्रेललिपि की एक डायरी दी गई थी। जिसमें 150 पेज भरने थे। उनके लिए पूरा किट दिया गया था। जिन महिलाओं ने यह 150 पेज भरकर दे दिए उन्हें 4 हजार रुपए का भुगतान भी कर दिया गया जबकि यह किट 2500 रुपए में हमें बांटा गया था। ऐसे में बड़ी संख्या में महिलाएं उनसे जुड़ती गई। इसी तरह से अन्य पीड़ित प्रमोद का कहना था कि अधिकांश गृहणी महिलाओं को इन्होंने ठगा है।

शहर के अलग-अलग इलाकों की महिलाओं से अलग-अलग ऑफिस के जरिए यह ठगी की गई है। इनकी संख्या हजारों में है। करीब 4 महीने यहां पर काम चल रहा था। करीब आधा दर्जन जगह पर यह काम कर रहे थे। आरोपी सभी जगह से अचानक से भाग गए हैं। महिला रजनी का कहना है कि इस मामले में कंपनी चौन सिस्टम बनवा रही थी। इसमें नई महिलाओं को रोज जोड़ने से पैसा दिया जाता था। प्रत्येक नया मेंबर जोड़ने पर 500 रुपए दिया जाता था और एक दिन में केवल दो ही नए मेंबर हम जुड़वा सकते थे। इन्हीं महिलाओं में शामिल पूजा का कहना है कि पहले लालच दिया गया और सभी पढ़ी-लिखी और घर पर रहने वाली महिलाएं थीं। ऐसे में अधिकांश महिलाएं उनके झांसे में आ गई। बाद में आरोपी फरार हो गए।

# वूमेनिया लाईफस्टाइल एक्जीबिशन के पोस्टर का विमोचन किया

**कोटा,** (निसं)। भारतीय महिलाएं घरों में खाली बैठने के बजाय कुछ न कुछ बनाती रहती हैं। ऐसी महिलाओं को उद्यमिता की ओर अग्रेशित करके एवं पहले से मौजूद महिला उद्यमियों की अपेक्षाओं एवं आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से कैट वीमेन विंग व श्री धाकड़ महासभा महिला इकाई, कोटा महानगर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित "वूमेनिया -लाईफ़स्टाइल एक्जीबिशन" की पहल महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूत करने में सहायक होगी। यह उद्धगार वूमेनिया-लाईफ़स्टाईल एक्जीबिशन "के पोस्टर का सर्किट हाऊस स्थित सभागार में विमोचन करते हुये ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने व्यक्त किए हैं। झालावाड़ रोड़ स्थित माहेश्वरी भवन में दो दिवसीय आगामी 13-14 दिसम्बर को आयोजित "वूमेनिया - लाईफ़स्टाईल एक्जीबिशन" में एक ही छत के नीचे भारत के विभिन्न प्रांतों के उत्पाद मिलने से शहरवासियों को शॉपिंग की सुविधा मिलेगी। यहां लोग



**वूमेनिया-लाईफस्टाईल एक्जीबिशन के पोस्टर का विमोचन ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने किया है।**

परिवार सहित खरीदारी के साथ फ़ूड कॉर्ट का आनंद ले सकेंगे। एक्जीबिशन में एक ही छत के नीचे हर तरह के उत्पादों की स्टॉल्स है। फूड जोन में लोग स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे।केट वीमेन विंग व श्री धाकड़ महासभा महिला ईकाई कोटा महानगर द्वारा महिलाओं के उत्थान के साथ-साथ उनकी आवश्यकताओं व सहयोग के लिये भी समर्पित रूप से कार्य कर रहा हैं। पोस्टर विमोचन के अवसर वूमेनिया-लाईफ़स्टाईल एक्जीबिशन "की नीलम विजय, तृप्ति नागर, चंचल नागर, रुचि जौहरी, भावना नागर व सुनीता नागर सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहे।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**बूंदी,** (निसं)। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एल.एन. मीणा की ओर से शनिवार रेडक्रॉस परिसर में एक विशाल निःशुल्क चिकित्सा, स्वास्थ्य, जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों की जांच कर उन्हें निःशुल्क उपचार और परामर्श दिया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव अशोक विजय द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश शर्मा ने की, जबकि रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम पारीक विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर सचिव अशोक विजय ने कहा कि बिरसा मुंडा जी के जन्मोत्सव पर इस तरह का मानव सेवा का कार्य करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। अस्पताल के स्टाफ ने रोगियों की आवश्यक जांचें की।

# पंजाब नेशनल बैंक द्वारा मृतक-दावा के अंतर्गत बीमा राशि प्रदान की गई

**कोटा,** (निसं)। पंजाब नेशनल बैंक, कोटा मंडल की शाखा कोटा इंडस्ट्रियल इस्टेट द्वारा पीएनबी सैलरी स्कीम के अंतर्गत महेश एडिबल के कर्मचारी स्वर्गीय राकेश गुर्जर की पत्नी दमयंती बाई को 30 लाख की बीमा राशि प्रदान की गई। यह चेक आशुतोष दुबे, मंडल प्रमुख द्वारा सौंपा गया। पीएनबी सैलरी खाता स्कीम के माध्यम से अपने ग्राहकों को दुर्घटना बीमा, जीवन सुरक्षा, डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं, विशेष ऋण रियायतें तथा परिवार की वित्तीय सुरक्षा से जुड़ी कई लाभकारी सेवाएं उपलब्ध कराता है। यह स्कीम कर्मचारियों को सुरक्षित और सशक्त वित्तीय भविष्य प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चेक वितरण के अवसर पर मंडल प्रमुख आशुतोष दुबे ने कहा, "पंजाब नैशनल बैंक अपने ग्राहकों एवं उनके परिवारों की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

सैलरी स्कीम के अंतर्गत दी जाने वाली बीमा राशि हमारे सेवा-संकल्प का




**पीएनबी द्वारा मृतक दावा के अंतर्गत बीमा राशि प्रदान की गई है।**

प्रमुख उदाहरण है।"इस अवसर पर शाखा प्रबंधक महेश मीना, मुख्य प्रबंधक, संदीप सिंह, मुख्य प्रबंधक, महेश एडिबल से दीपक साहू एवं स्वर्गीय राकेश गुर्जर के बड़े भाई मोनू गुर्जर सहित बैंक के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### विज्ञान प्रदर्शनी-2025 का भव्य आयोजन

**कोटा,** (निसं)। दादाबाड़ी स्थित मोदी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के स्टेडियम में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि कोटा पुलिस महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल, मोदी ग्रुप के चैयरमैन सुशील मोदी, ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी, द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि का सम्मान मोदी संस्थान के चैयरमैन सुशील मोदी, और ग्रुप डाइरेक्टर राधव मोदी द्वारा पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस प्रदर्शनी में कोटा संभाग के 110 विद्यालय और 80 महाविद्यालय के 1500 से अधिक विद्यार्थियों ने अपने विज्ञान मॉडल को प्रदर्शित किया। कोटा पुलिस महानिरिक्षिक ने उद्घाटन संबोधन में कहा मै इस प्रदर्शनी को देखकर अभिभूत हो गया। इन विज्ञान मेलों और प्रदर्शनियों से विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार के प्रयोगों को अवसर मिलता हैं, नए विचारों और अन्वेषणों को एक नया मंच मिलता है जिससे विद्यार्थीयो की प्रतिभाओं को संवारने का अवसर मिलता हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थीयों को जो पुरूस्कार दिया जाता है उससे उनके हौसले मजबूत होते है। इस विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय स्तर एवं महाविद्यालय स्तर पर अलग-अलग विजेताओं टीमों को प्रथम पुरुस्कार 11000 नगद एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरुस्कार 7100 नगद एवं ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार 3100/-एवं ट्रॉफी के रूप मे दिया गया जिसमे स्कूल स्तर पर प्रथम स्थान पर बंसल स्कूल कोटा, द्वितीय स्थान पर सोफीया स्कूल वल्लभ नगर कोटा और तृतीय स्थान पर मोदी पब्लिक स्कूल विजेता रहे। इसी प्रकार महाविद्यालय वर्ग में प्रथम स्थान पर कैरियर पॉइंट यूर्निवर्सिटी कोटा, द्वितीय स्थान पर पालोटेक्निक कॉलेज कोटा तथा तृतीय स्थान पर एमआईएमटी विजेता रहे। प्रदर्शनी के समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि कर्नल गुंजन द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई



**कोटा,** (निसं)। भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर (कोटा) में आयोजित पखवाड़ा कार्यक्रमों की श्रृंखला का जनजातीय गौरव दिवस समारोह के रूप में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। विश्वविद्यालय के माननीय चेयरपर्सन आर.डी.मीना ने कहा कि बिरसा मुंडा केवल एक महान क्रांतिकारी नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता, जल-जंगल-जमीन और स्वाभिमान के प्रतीक थे। उनके विचार आज भी समाज को प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कोटा विश्वविद्यालय, कोटा की अनुसंधान निदेशक प्रो.रीना दाधीच ने अपने वक्तव्य में भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके संघर्ष, जनजातीय समाज के लिए उनके योगदान और उलगुलान आंदोलन की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रबंध मंडल के सदस्य रामजीवन मीणा एवं कमला मीणा ने भी भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज में उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। पखवाड़ा अवधि में आयोजित जिले-स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा आदिवासी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गई, जिनसे सभा में उत्साह और उत्सव का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ.अनुज विलियम्स तथा डॉ.सविता शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ.सुरेश कुमार मीना कुल सचिव, समन्वयक डॉ.मुक्ति पराशर, डॉ.सुमन भारती मीणा सह-समन्वयक सहित विभिन्न संकायों के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**छबड़ा** (निसं)। वनवासी कल्याण परिषद की वार्षिक बैठक शनिवार को सम्पन्न हुई। जिसमें कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। परिषद सचिव रविंद्र कुमार गुप्ता ने बताया की बैठक में परिषद के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने भगवान बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता में योगदान पर प्रकाश डाला। भवानीशंकर ने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय बाला साहब देशपांडे ने राष्ट्रीय आव्हान पर नागपुर से गहन अरण्य जशपुर में 48 वर्षों तक अथक परिश्रम करते हुए 1995 में अपनी पार्थिव देह छोडी और हजारों कार्यकर्ताओं के दिलों में सेवा भाव स्थापित कर गए। उनके निवास स्थान जशपुर को उनकी स्मृति में विकसित कर श्रद्धा एवं प्रेरणा केंद्र के रूप में बनाने हेतु स्मृति भवन बनाने का निर्णय हुआ। इसके लिए कार्यकर्ताओं से अपने सामर्थ्य से बढ़कर समर्पण राशि अर्पित करने का आव्हान भी किया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने राशि का समर्पण किया। संग्रामसिंह ने 8 नवंबर को चौथ माता मंदिर पाली में बैठक के दौरान मंदिर संरक्षक गिरधर द्वारा पाली क्षेत्र भील जनजाति बाहुल्य होने के कारण वनवासी कल्याण परिषद के संरक्षण में आश्रम छात्रावास स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर नगर समिति द्वारा पूर्ण सहयोग करने तथा प्रस्ताव अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम को भिजवाने एवं राज्य सरकार से भी इस कार्य के लिए आग्रह किए जाने पर निर्णय सर्वसहमति से लिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष हरिओम नागर, रामदयाल शर्मा, राजेंद्र, नरेंद्र, भीमसिंह, कैलाश, चंदप्रकाश, लेखराज आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### स्कूली छात्रों को जर्सी वितरित की गई

**कोटा,** (निसं)। अंजुमन इस्लामी सेकेंड्री स्कूल घंटाघर कोटा में स्कूली छात्रों को शीत ऋतु के आगमन पर जर्सी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता पंकज मेहता मुख्य अतिथि रहे। स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि मानव जीवन में शिक्षा अति महत्वपूर्ण है विशेषकर बालिका शिक्षा अति अनिवार्य है शिक्षित महिला अपनी पीढ़ियों को संवार देती है जिस समाज में शिक्षा का प्रचार प्रसार होता है वह समाज खुशहाल और विकासशील बनता है, इस अवसर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष सलीम खान, निजामुद्दीन बबलू, उपाध्यक्ष साजिद जावेद, साबिर अंसारी एडवोकेट, कोषाध्यक्ष व प्रधानाचार्य गफूर खान, कामील मोहम्मद, कदीर खान ने मुख्य अतिथि व उपस्थित मेहमानों का माला पहनाकर स्वागत किया।

### आदिवासी गौरव वर्ष मनाया

**कोटा,** (निसं)। कोटा कॉलेज आफ एजुकेशन रानपुर कोटा के छात्राध्यापक-छात्राध्यापिकाओं ने शनिवार को आदिवासी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती अवसर पर आदिवासी गौरव वर्ष मनाया गया, जिसमें प्रथम पारी में महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया तथा दूसरी पारी में बिरसा मुंडा आदिवासी गौरव वर्ष विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया।

## स्पीकर बिरला कोटा प्रवास पर

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार से दो दिवसीय प्रवास पर अपने संसदीय क्षेत्र में रहेंगे। रविवार प्रातः 11 बजे शक्तिनगर स्थित कार्यालय पर आमजन से भेंट करेंगे।

**खोया पाया**

मेरे प्लाट नम्बर 61 श्री ओम एनक्लेव बूंदी के मूल संपत्ति कागज, सुधार विलेख आदि दस्तावेज 19 मई 2023 से कई खो गए हैं। जिस किसी को भी मिले निम्न पते पर सूचित करें।

शिमला मीणा W/o शंभू लाल मीणा 14 मंदिर की गली बरवास बूंदी (राज.)

**कार्यालय ग्राम पंचायत मण्डाप, पंचायत समिति सांगोद**

क्रमांकः- ग्रा.पंचा./2025-26/47 दिनांकः-15.11.25

**खुली/सिमित निविदा सूचना संख्या 01/2025-26**

ग्राम पंचायत मण्डाप में निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के पात्र पंजीकृत श्रेणी के संवेदकों को समकक्ष हो, के माध्यम से निर्धारित प्रपत्रों में अल्पकालीन खुली/सिमित निविदा दिनांक 24.11.2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्तें व शुल्क से संबंधित विवरण वेबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदक आवेदन शुल्क नगद जमा करवा कर ग्राम पंचायत मण्डाप से प्राप्त कर सकते है।

NIB Code : ZKT2526A0102
UBN : ZKT2526WSOB00506 to ZKT2526WSOB00514

प्रशासक, ग्राम पंचायत मण्डाप, पं.स. सांगोद जिला कोटा (राज.)
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत मण्डाप, पं.स. सांगोद जिला कोटा (राज.)